मेरे सांवरे | By Gopal Sain

मुझे सब कुछ मिला ऐ मेरे सांवरे
ज़िन्दगी बन गई खाटू आने के बाद
मैं क्या था और तुमने बना क्या दिया
बंदगी मिल गई खोट आने के बाद
मुझे सब कुछ मिला...........

याद है मुझको दिन वो फटेहाल था
फूटी कौड़ी ना थी और मैं कंगाल था
छोड़ा सबने मगर तूने थामा मुझे
हर बुलंदी मिली खाटू आने के बाद
मुझे सब कुछ मिला...........

मेरे जीवन में खुशियां तमाम आ गई
आपकी नौकरी दास को भा गई
मुझे मान मिला सम्मान मिला
और भक्ति मिली खाटू आने के बाद
मुझे सब कुछ मिला...........

जग मुझसे और मैं जग से अनजान था
मेरा गुलशन सदा यूँ ही वीरान था
मेरे अंगना में दो प्यारे फूल खिले
हर कली खिल गई खाटू आने के बाद
मुझे सब कुछ मिला...........

गंगा गोरी पे अपनी कृपा कीजिये
अपने चरणों में सबको जगह दीजिये
तेरे दर्शन बिना मैं तो पागल हुआ
अब ना तड़पाइए खाटू आने के बाद
मुझे सब कुछ मिला...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-gopal-sain/